सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

साधिकार प्रकाशित

Published by Authority

भाद्र 26, बुधवार, *शाके* 1947- सितम्बर 17, 2025
Bhadra 26, Wednesday, Saka 1947- September 17, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/14241 :-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर भीलवाडा द्वारा स्थानीय निकाय नगर निगम भीलवाडा हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

नगर निगम भीलवाडा का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025

वार्ड सं.	सीमा विवरण	जनसंख्या
1	चौथ माता मंदिर से पीपलेश्वर महादेव मंदिर को दायी ओर छोडकर पश्चिम दिशा में गली के सहारे सहारे चलकर छिपा समाज मंदिर को दायी ओर छोडकर नृहसिंह भगवान मंदिर को बायी ओर शामिल करते हुए गणेश जी के मंदिर तक यहां से गणेश जी के मंदिर के बायी ओर शामिल करते हुए घाटी के हनुमान जी को दायी ओर छोडकर जिदंल रोड पर सीधे चलकर गुरूकृपा हॉटल को बायी ओर शामिल करते हुए निगम की उत्तरी सीमा के सहारे सहारे समस्त बलिया खेडा एवं माली खेडा को शामिल करते हुए निगम की दक्षिणी सीमा से गाडरमाला चौराहा तक, यहां से पुर रोड पर सीधे चलकर दुधतलाई को बायी ओर शामिल करते हुए गीता प्रेम सदन के नोहरे को दायी ओर छोडते हुए सामने स्थित दारू की दुकान को दायी ओर रखकर नुरानी मस्जिद को दायी ओर छोडते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर के चौराहे तक, यहां से दायी ओर	4918

	मुडकर सेठिया चौक से होते हुए सत्तु पलोड की दुकान को दायी ओर छोडकर सदर बाजार से होते हुए मिठू काका की दुकान को दायी ओर छोडकर मंडी के बालाजी को बांयी ओर शामिल करते शांतिलाल धोलपुरिया के मकान तक यहां से बायी ओर मुडकर नाले के सहारे सहारे सीधे चलकर खेल मोहल्ला होते हुए जमातखाना को बायी ओर शामिल करते हुए सीधे चलकर चौथ माता मंदिर तक समस्त कुलिया बांयी बस्ती को शामिल करते हुए।	
2	भैरुनाथ मंदिर बस स्टॉप पुर रोड यहां से उत्तर दिशा में भैरुनाथ मंदिर को बांयी और शामिल करते हुए राजेश जी असावा के मकान के सामने तक, यहां से दांयी और मुडकर गली के सहारे-सहारे सीधे चलकर नीम के पेड़ अमृत चौक होते हुए बांयी भाग को शामिल करते हुए चारभुजा नाथ मंदिर नामदेव दर्जी समाज मन्दिर तक, यहां से दायी ओर मुडकर मिठू काका की दुकान को दायी ओर छोडकर किरण हर्बल लेडिज ब्यूटी पार्लर की दुकान तक, यहां से बायी ओर मुडकर सत्तू पलोड की दुकान को बायी ओर शामिल करते हुए सेठिया चौक तक, यहां से सेठिया जी की दुकान को बायी ओर शामिल करते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर तक, नीलकंठ महादेव मंदिर को बांयी ओर शामिल करते हुए सीधे चलकर नुरानी मस्जिद को शामिल करते हुए गीता प्रेम सदन के नोहरे मेन पुर रोड तक, यहां से दायी ओर मुडकर मेन पुर रोड पर सीधे चलकर समर्पण सिंथेटिक्स को बांयी ओर शामिल करते हुए गाडरमाला चौराहा तक, यहां से दक्षिण दिशा में चलकर निगम की सीमा के सहारे सहारे खारोलिया खेडा को बायी ओर शामिल करते हुए देवली रोड तक, यहां से बायी ओर मुडकर भीलवाडा राजसंमद हाईवे को क्रॉस करते हुए सीधे चलकर श्रीराम व्यायामशाला को दायी ओर छोडकर मेन पुर रोड तक, यहां से दायी ओर मुडकर एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुर को बायी ओर शामिल करते हुए भैरुनाथ मंदिर बस स्टॉप पुर रोड तक की समस्त कुलियां बांयी बस्ती को शामिल करते हुए।	5447
3	चित्रगुप्त सर्किल से दक्षिण दिशा मे होटल ओरियम को बायीं ओर शामिल करते हुए यहां से रिको नाले को दायीं ओर छोड़ते हुए नाले के सहारे-सहारे रोड पर सीधा चलकर भंवर लाल खारोल के रिक्त भूखण्ड तक, यहां से दायीं ओर मुडकर श्री झरना महादेव एवं शनि मंदिर को बायीं ओर शामिल करते हुए गंगापुर मुख्य रोड तक, यहां से बायीं ओर मुडकर शुभम धर्मकांटा को बायीं ओर शामिल करते हुए आर0टी0ओ सर्किल होते हुए आर.टी.ओ. ऑफिस को बायीं ओर शामिल करते हुए भीलवाडा-राजसमंद मुख्य मार्ग पर चलते हुए पुर पुलिस थाने को बायीं ओर शामिल करते हुए कृष्णा होटल के सामने से दायीं ओर मुख्य पुर रोड की तरफ मुडकर सीधे चलकर राजकीय अम्बेडकर छात्रावास पुर को बायीं ओर शामिल करते हुए सीधे चलकर महावीर भोजनालय के पास ट्रांसफॉर्मर तक, यहां से दायीं ओर मुडकर मूंदडा हॉस्पीटल को बायीं ओर शामिल करते हुए सीधे चलकर जगदम्बा ज्वैलर्स को बायीं ओर शामिल करते	4953

	हुए यहां से श्री बालाजी साड़ी सेन्टर मीठु काका की दुकान तक, यहां से बायीं ओर मुडकर श्री चारभुजानाथ नामदेव दर्जी समाज के मंदिर को दायी ओर छोडते हुए सामने के स्थित रिक्त भूखण्ड तक, यहां से बायीं ओर मुडकर सीधे चलकर बड़े नीम के पेड़ अमृत चौक से सीधे चलते हुए गली के सहारे-सहारे सत्यनारायण जी नौसालिया के मकान को बायीं ओर शामिल करते हुए सीधे चलकर राजेश जी असावा के मकान तक, यहां से बायीं ओर मुडकर भैरूनाथ मंदिर के सामने मुख्य पुर रोड तक, यहां से दायी ओर मुडकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुर को दायी ओर छोडकर सामने स्थित जय श्री भैरूनाथ किराणा स्टोर तक, यहां से बायी ओर देवली रोड पर मुडकर सीधे चलकर श्रीराम व्यायामशाला को बायी ओर शामिल करते हुए भीलवाडा राजसमंद हाईवे तक, यहां से दक्षिण दिशा में चलकर निगम की सीमा तक, यहां से बायी ओर मुडकर कुम्हारिया खेडा की निगम सीमा को बांयी ओर शामिल करते हुए निगम की सीमा के सहारे सहारे एनएच 48 तक, यहां से चित्रगुप्त सर्किल से आ रहे रोड पर सीधे चलकर राजस्व ग्राम हजारी खेडा को दायी ओर छोडते हुए होटल ओरियम तक की समस्त कुलिया बांयी बस्ती को शामिल करते हुए।	
4	आर.टी.ओ. सर्किल भीलवाड़ा की तरफ पंचमुखी बालाजी मंदिर से सीधे चलकर RICCO स्थित उद्योगपति महोदव मन्दिर तक, यहां से नगर निगम सीमा के सहारे-सहारे चलकर पुनः गंगापुर रोड पर होते हुए इंफिनिटी बिजनेस पार्क को बांयी और शामिल करते हुए सीधे चलकर आवरी माता मंदिर को बांयी और शामिल करते हुए सीधे चलकर 220 के.वी. ग्रिड सब-स्टेशन को बांयी और शामिल करते हुए मां मेडिकल, गुरुजी का होटल चौराहा तक, यहां से बांयी और मुड़कर एवीवीएनएल की बाउंड्री के सहारे सहारे बाउंड्री को सीमा मानते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर व जवाहर नगर मोक्षधाम को बायीं और सामिल करते हुए यहाँ से बायीं और मुड़कर शंकर जी लुहार के मकान से सीधे चलकर श्रवण जी लुहार के मकान को बायीं और सामिल करते हुए भंवरलाल जी तेली के मकान तक यहाँ से बायीं और मुड़कर इच्छापूर्ण महादेव मन्दिर तक, यहां से दांयी ओर मुडकर हाईटेशन लाईन के नीचे चलकर प्रथम दुकान से दांयी ओर मुडकर यशोदा शर्मा के भूखण्ड को दांयी तरफ छोडते हुए रिजवी आशियाना के पास वाले भूखण्ड तक, यहां से दांयी ओर मुडकर मराठा कॉलोनी के मेन रोड पर सीधे चलकर रामदेव जी मन्दिर को दांयी ओर छोडते हुए पांसल रोड तक, यहां से बांयी ओर मुडकर पांसल रोड पर सीधे चलकर 200 फीट रिंग रोड तक, यहां से बांयी ओर मुड़कर 200 फीट रोड होते हुए अद्वबलिया जी के स्थान को बांयी और शामिल करते हुए आस्था रेजिडेंसी को बांयी और शामिल करते हुए मेजा नहर की पुलिया तक, यहां से पुलिया क्रॉस कर NH-48 के पास देवनारायण होटल व श्री विनायक ऑटो पार्ट्स बायी और शामिल करते हुए NH-48 तक, NH-48 से बांयी और मुड़कर हांडी रेस्टोरेंट को बांयी और शामिल करते रामप्रसाद लढढा नगर को बांयी ओर शामिल करते हुए	5247

	NH-48 पुर बाई पास पुलिया तक, यहां से बांयी ओर मुडकर पंचमुखी बालाजी आर.टी.ओ. सर्किल तक बायी ओर की समस्त कुलियां बस्ती शामिल है।	
5	पांसल मेन रोड पर लेबर कॉलोनी जवाहर नगर गेट नं. 21 से लवकुश अखाडा व्यायाम शाला व पांसल रोड पर पंडित जी की दुकान को बांयी ओर शामिल करते हुए सीधा चलकर सगस जी के स्थान मराठा कॉलोनी के मुख्य रोड तक, यहां से बांयी तरफ मुडकर मराठा कॉलोनी मेन रोड पर सीधे चलकर बाबा रामदेव जी मन्दिर के सामने से सुपर इलेक्ट्रोनिक्स को दांयी ओर शामिल करते हुए दांयी ओर मुड़कर रिजवी आशियाना के पास स्थित भूखण्ड तक, यहां से बांयी ओर मुडकर यशोदा शर्मा के भूखण्ड को बांयी ओर शामिल करते हुए हाईटेशंन लाईन के नीचे आ रहे रोड तक, यहां से बायी ओर मुडकर इच्छापूर्ण महादेव मन्दिर को दांयी ओर छोडते हुए उसके सामने तक, यहां से बांयी तरफ मुडकर लालाजी हलवाई की दुकान को बांयी तरफ शामिल करते हुए श्रवण जी लोहार के मकान को दांयी ओर छोडते हुए शंकर लाल जी लौहार के मकान के सामने तक, यहां से दांयी ओर मुडकर जवाहर नगर मोक्ष धाम को दांयी ओर छोडते हुए मोक्षधाम के उत्तर दिशा मे गेट तक, यहां से मोक्षधाम एवं AVVNL की बाउण्ड्री के सहारे-सहारे गुरूजी की होटल के अन्दर की रोड पर जोगणियां रेस्टोरेन्ट तक, यहां से बांयी ओर मुड़कर जय माता टेलर्स की दुकान तक, यहां से दांयी ओर मुडकर सुखवाल भवन से सीधे चलकर कालु जी के मकान तक, यहां से दांयी ओर मुडकर बरदी चन्द जी गुर्जर के मकान को दांयी ओर छोडते हुए उसके सामने तक, यहां से बांयी ओर मुडकर चन्द्र सिंह कानावत के मकान को बांयी ओर शामिल करते हुए सीधे चलकर महेन्द्र किराणा स्टोर को दांयी ओर छोडते हुए उसके सामने तक, यहां से बांयी ओर मुडकर पापाजी की बगीची तक, यहां से बांयी ओर मुडकर बाबा रामदेव मन्दिर को बांयी ओर शामिल करते हुए यहां से दांयी ओर मुडकर मदन जी जैन के मकान दांयी ओर छोडते हुए यहां से बांयी ओर पांसल मेन रोड पर लेबर कॉलोनी जवाहर नगर गेट नं. 21 तक समस्त कुलियां बांयी बस्ती शामिल है।	5137
6	पांसल चौराहे पर एस 01 को शामिल करते हुए मुख्य पांसल रोड तक, यहां से बांयी ओर मुडकर पांसल रोड पर सीधे चलकर महात्मा गांधी स्कूल को बांयी ओर शामिल करते हुए लेबर कॉलोनी जवाहर नगर गेट नं. 21 तक, यहां से बांयी ओर मुडकर मदन जी जैन के मकान तक, यहा से दांयी ओर मुडकर बाबा रामदेव मन्दिर को दांयी ओर छोडते हुए रमेश जी जमादार के मकान तक, यहां से बांयी ओर मुडकर पापाजी की बगीची को दांयी ओर छोडते हुए दांयी ओर मुडकर मातेश्वरी किराणा स्टोर को बांयी ओर शामिल करते हुए महेन्द्र किराणा स्टोर तक, यहां से दांयी ओर मुडकर बरदी चन्द जी गुर्जर के मकान को बांयी ओर शामिल करते हुए ओम जी पहलवान के मकान तक, यहां से बांयी ओर मुडकर सुखवाल भवन को बांयी ओर शामिल करते हुए यहां से बांयी ओर मुडकर गुरूजी की होटल के पास से आ रहे जवाहर नगर मेन रोड	4587

	पर सीधे चलकर मुख्य गंगापुर रोड तक, यहां से बांयी ओर मुडकर संकट मोचन हनुमान मन्दिर, बाबा रामदेव मन्दिर, शनिदेव मन्दिर को बांयी ओर शामिल करते हुए पासंल चौराहे पर एस 01 तक की समस्त कुलिया बांयी ओर तक की समस्त कुलियां बांयी बस्ती शामिल है।	
7	पी.एण्ड टी. तिराहे से प्रारम्भ होकर पश्चिम दिशा मे सीधे-सीधे चलकर पप्पू कचौरी, रॉयल इन्फील्ड, आयुर्वेदीक ब्यूरो हॉस्पिटल को शामिल करते हुए आवरी माता मन्दिर के चौराहे तक, चौराहे से पूर्व दिशा मे घूमकर प्रताप नगर थाने को दांये ओर छोडकर सीधे-सीधे चलकर गार्गी महिला स्नान घर को दांये छोडकर नहर-नहर के सहारे-सहारे चलते हुए पीएमश्री बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय बापू नगर तक, यहां से गली मे मुड़कर आई-123 न्यू बापू नगर के मकान को शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलकर आई-134, 135 को शामिल करते हुए, यहां से बांयी ओर मुड़कर सीधे-सीधे चलकर श्री रविन्द्र कोठारी के मकान नं. आई-40 को शामिल करते हुए बांये ओर घूमकर सीधे-सीधे चलकर शमॉ सुल्तान पठान के मकान नं. आई-33 को शामिल करते हुए सामने वाली रोड पर ओर मुड़कर हेमु कालानी उद्यान को शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलकर मेन रोड तक, यहां से दांयी ओर मुडकर मेन रोड पार करके बांयी ओर मुडकर महर्षि गौतम को शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलकर पी.एण्ड टी. कॉलोनी तक, यहा से बांये उत्तर दिशा मे चलकर पी.एण्ड टी. तिराहे तक समस्त कुलियां बांयी बस्ती शामिल है।	4824
8	बापू नगर कोठारी पब्लिक स्कूल के मेन रोड पर स्कूल के सामने दक्षिण दिशा मे महादेवी पार्क की गली (एच.टी. लाईल के नीचे) से प्रारम्भ होकर श्री शान्ति लाल के मकान आई-314 को शामिल करते हुए सीधे चलकर एस.एन. आचार्य को शामिल करते हुए श्रीमती चित्रा भाटिया के मकान नं. आई-186 मकान तक, यहां से बांयी ओर मुडकर सीधे-सीधे चलकर श्री के.एल. लखानी के मकान नं. आई-185 तक, यहां बांयी ओर मुडकर मकान नं. आई-180 को शामिल करते हुए मकान नं. आई-40 तक, यहां से दांयी ओर मुडकर सीधे-सीधे चलकर श्री विष्णुदत तिवाडी के मकान को शामिल करते हुए मकान नं. आई-137 श्री अशोक पारासर के मकान तक, यहां से दांयी ओर मुडकर पीएमश्री बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय बापू नगर तक, यहां से बांयी ओर मुड़कर नहर के सहारे-सहारे चलते हुए गार्गी महिला स्नानघर, प्रताप नगर थाना को शामिल करते हुए आवरी माता चौराहे तक, चौराहे से दक्षिण दिशा मे चलते हुए बडौदा राजस्थान क्षैत्रिय ग्रामीण बैंक, मकान नं. जी-181 को शामिल करते हुए सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल तक, यहां से बांयी ओर मुड़कर महादेवी पार्क की गली (एच.टी. लाईल के नीचे) तक समस्त कुलियां बायी बस्ती शामिल है।	4887
9	देवनारायण सर्किल के उत्तर दिशा मे डॉ बी.आर. अम्बेडकर छात्रावास को बांयी ओर शामिल करते हुए आवरी माता चौराहा तक, यहां से पश्चिम दिशा मे बांयी ओर घुमते हुए गंगापुर रोड की तरफ चलते हुए धुणी वाले भैरूनाथ मन्दिर को	5294

	शामिल करते हुए सीधे चलकर अजुबा पेट्रोल पम्प को बांयी ओर शामिल करते हुए नगर निगम सीमा के सहारे-सहारे बांयी तरफ की समस्त कुलियां बस्ती को शामिल करते हुए चित्रगुप्त सर्किल तक, यहां से चित्रगुप्त सर्किल के पश्चिम दिशा मे साई लीला सन्थैटिक्स को शामिल करते हुए पास स्थित श्री शान्ति बिल्डिंग टॉवर को बांयी ओर शामिल कर यहां से बांयी ओर घूमते हुए रोड के सहारे-सहारे सीधे चलते हुए जय मॉ कालिका माता मन्दिर को दांयी ओर छोडकर चौराहे तक, यहां से दाएं ओर घुमते हुए सीधे चलकर देवनारायण सर्किल तक बायी ओर की समस्त कुलियां बस्ती शामिल है।	
10	मीरा सर्किल के उत्तर दिशा मे सीधे चलते हुए मेजा नहर की पुलिया तक, यहा से मेजा नहर को बांयी ओर शामिल करते हुए नहर के सहारे-सहारे सीधे चलकर पन्नाधाय सर्किल से सीधे आ रहे मेन रोड तक, यहां से बांयी ओर मुडकर सीधे चलकर रेन ड्राप फैमिली रेस्टोरेन्ट को बांयी ओर शामिल कर सीधे चलकर मयूर स्कूल को बांयी ओर शामिल कर सीधे चलकर देवनारायण सर्किल तक, यहां से सीधे चलकर राजस्थान पत्रिका कार्यालय को बांयी ओर शामिल करते हुए जय मॉ कालिका मन्दिर तक, यहां से बांयी ओर मुड़कर सीधे चलकर जय अम्बे हाईड्रोलिक्स कारखाने को शामिल करते हुए सीधे चलकर श्री शान्ति बिल्डिंग टॉवर को दांयी ओर छोडकर चित्रगुप्त सर्किल तक, यहां से सीधे चलकर 132 के.वी. रिको पॉवर ग्रिड स्टेशन को दांयी ओर छोडकर राजस्थान आवासन मण्डल पटेल नगर विस्तार पार्ट-2 आवासीय योजना को दांयी ओर छोडकर इसके सामने स्थित चौराहे तक, यहां से बांयी ओर मुड़कर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनावतो की खेडी को दांयी ओर छोड़ते हुए सीधे चलकर यहां से दांयी ओर मुड़कर मानसरोवर झील को बांयी ओर शामिल कर मानसरोवर झील के सहारे-सहारे रिंग रोड तक, यहां से दांयी ओर मुड़कर मीरा सर्किल के पश्चिमी भाग को शामिल करते हुए मीरा सर्किल तक समस्त बांयी ओर की कुलियां बस्ती शामिल है।	5258
11	मोखमपुरा आजाद नगर मेन रोड पर स्थित नहर की पुलिया के पास स्नेहलता चौधरी के भूखण्ड संख्या 14-ए-22 बापू नगर से प्रारम्भ होकर रमन कुमार सोनी के मकान को शामिल करते हुए नहर के सहारे-सहारे चलकर 1-ए-25/3 विजय हेमनानी के मकान को शामिल करते हुए बापू नगर मेन रोड की पुलिया तक, यहां से बांयी ओर दक्षिण दिशा मे मुड़कर सीधे-सीधे चलकर पी.एण्ड टी. कॉलोनी तक, यहां से गली मे मुडकर श्री जगदीश सोलंकी के मकान को शामिल करते हुए दक्षिण दिशा मे सीधा चलकर राधिका मेडिकल, प्रकाश किराणा जनरल स्टोर, दिव्या ज्वैलर्स, महालक्ष्मी मिष्ठान भण्डार को शामिल करते हुए महर्षि गौतम संस्थान के सामने सांवरिया डेयरी तक, यहां से मेन रोड पार करके बांयी ओर मुड़कर सीधे चलकर चित्रा भाटीया के मकान को दांयी ओर छोडकर सीधे-सीधे चलकर शान्ति लाल शर्मा आई-314 को दांये ओर छोडकर महादेवी उद्यान को दांये ओर छोडते हुए मेन रोड तक, यहां से बांयी	5800

	ओर पूर्व दिशा मे मुड़कर कुम्भा सर्किल की ओर चलकर कोठारी पब्लिक स्कूल को दांयी ओर छोडते हुए सीधे-सीधे चलकर गिर्राज टॉवर को शामिल करते हुए नहर की पुलिया स्नेहलता चौधरी के भूखण्ड तक की समस्त कुलियां बांयी बस्ती शामिल है।	
12	पी.एण्ड टी. चौराहा से पी.एच.ई.डी. पानी की टंकी को शामिल करते हुए सगस जी पुलिया से बांयी ओर मुडकर नहर के सहारे-सहारे चलते हुए पी.एच.ई.डी. कार्यालय को शामिल करते हुए मुख्य सड़क को क्रॉस करते हुए नहर के सहारे-सहारे चलते हुए खेड़ा बालाजी मंदिर को शामिल करते हुए ट्रैफिक पार्क के सामने खाली प्लॉट तक, यहां से बांयी ओर मुडकर आजाद नगर सामुदायिक भवन मुख्य सड़क तक, यहां से बांयी ओर मुडकर सड़क क्रॉस करके भारतीय सिखवाल युवा संस्थान तक, यहां से बांयी ओर मुडकर उज्जवल मारु के मकान को शामिल करते हुए कॉम्प्लेक्स के पास खाली प्लॉट तक, यहां से बांयी ओर मुडकर हैप्पी-डे सेकेंडरी स्कूल को शामिल करते हुए मुख्य सड़क पर शिव शक्ति ट्रेडर्स तक, यहां से बांयी ओर मुडकर मुख्य सड़क पर चलते हुए पन्नाधाय सर्किल तक, यहां से दायी ओर मुडकर बांयी ओर श्री मार्बल, भारतीय जीवन बीमा कार्यालय एम.एल.वी. छात्रावास स्टाफ कॉलोनी को शामिल करते हुए पांसल चौराहा तक, यहां से बांयी ओर मुडकर पुर रोड पर चलते हुए राजस्थान पत्रिका कार्यालय को शामिल करते हुए पी.एण्ड टी. चौराहा पानी की टंकी तक की समस्त कुलियां बांयी बस्ती शामिल है।	5343
13	पांसल चौराहा से बांयी ओर चलकर पन्ना धाय सर्कल तक यहां से बांई ओर मुड़कर कुम्भा सर्किल तक, यहां से बांयी ओर मुडकर आजाद नगर चौराहे की तरफ चलते हुए बांयी तरफ मुडते हुए शिव मन्दिर के पास खाली भूखण्ड तक, यहां से बांयी तरफ मुडकर हनुमान मार्ग पर चलते हुए भंवर जी की डेयरी बूथ तक समस्त सी सेक्टर को शामिल करते हुए नाड़ी मौहल्ला स्कूल व राजकीय आई.टी.आई. कॉलेज को शामिल करते हुए आई.टी.आई. व प्रताप नगर स्कूल के मध्य सडक पर चलते हुए गंगापुर रोड तक, यहां से बांयी ओर पुर रोड पर चलते हुए पांसल चोराहे तक की समस्त कुलियां बांयी बस्ती शामिल है।	4807
14	पांसल चौराहे से पूर्व दिशा मे पुर रोड पर चलकर अशोक लिलेण्ड चौराहे तक, यहां से उत्तर दिशा मे पुराना आर.टी.ओ. रोड पर चलकर भण्डारी यातायात एजेन्सी को दांयी ओर छोडते हुए यहां से दांयी ओर मुडकर हाड़ा चौराहा तक, यहां से दांयी ओर मुडकर सीधे चलकर सिक्योर ऑफिस को दांयी ओर छोडते हुए सर्किट हाउस से आर.टी.ओ. रोड तक, यहां से बांयी ओर मुडकर सीधे चलकर अंहिसा बंगलोज रोड पर अंहिसा बंगलोज को बांयी ओर शामिल करते हुए 100 फीट रोड तक, यहां से बांयी ओर मुडकर 100 फीट रोड पर सीधे चलकर पांसल चौराहा तक समस्त कुलियां बांयी बस्ती शामिल है।	4966
15	100 फीट रोड पर स्थित चितोड मार्बल से दक्षिण दिशा मे 100 फीट रोड पर चलते हुए सवाई भोज सर्किल तक, यहां से बांयी ओर मुडकर अंहिसा बंगलोज	5426

	को दांयी ओर छोडते हुए रामनगर की समस्त कुलियां बस्ती को शामिल करते हुए मल्हाराव सर्किल बीएसएल मिल के पास तक, यहां से बांयी ओर मुडकर बीएसएल दिवार के पास से गुजर रहे नाले के सहारे-सहारे चलते हुए नाले को सीमा मानते हुए शिव मन्दिर को दांयी ओर छोडते हुए पुलिस लाईन रोड तक, यहां से बांयी ओर मुडकर नारायण लाल माली के मकान तक, यहां से दांयी ओर मुडकर चलते हुए भेरू सिंह राणावत के मकान को शामिल करते हुए संगम विद्या निकेतन स्कूल को छोड़ते हुए बांयी तरफ चलते हुए प्रबल इंटरनेशनल स्कूल को शामिल करते हुए कृपाराम गुर्जर के मकान तक यहां से बाएं तरफ चलते हुए शिवकुमार वैष्णव के मकान के पास खाली प्लॉट तक यहां से बांयी ओर चलते हुए रामकुमार जाट के मकान तक यहां से बायी ओर चलते हुए संतोष भवन तक यहां से बांयी ओर चलते हुए राधेश्याम माली के मकान को शामिल करते हुए सज्जन सिंह हवेली को शामिल करते हुए राजेंद्र पालावत के मकान के पास खाली प्लॉट तक यहां से दायीं और मुड़कर तिकोने पार्क को बायीं और शामिल करते हुए बाबाधाम सामुदायिक भवन को दायी और छोड़ते हुए पांडू के नाले की पुलिया तक यहाँ से बायीं और मुड़कर पांडू के नाले के सहारे-सहारे सीधे चलकर बाबाधाम पुलिस चौकी को दायी और छोड़ते हुए 100 फिट रोड तक यहाँ से बायीं और मुड़कर 100 चित्तौड़ मार्बल तक की बांयी ओर की समस्त कुलियां बस्ती शामिल है	
16	लिलेण्ड चौराहा से पूर्वी दिशा मे पुर रोड पर चलकर गंगापुर चौराहा तक, यहां से बांयी और चलते हुए रेल्वे पटरी के सहारे-सहारे चलते हुए सर्किट हाउस को बांयी ओर शामिल करते हुए पुलिस लाइन अंडर पास तक, यहां से बांयी ओर चलते हुए सिम्स हॉस्पिटल को शामिल करते हुए होमगार्ड ऑफिस को शामिल करते हुए शीतला माता मंदिर तक यहां से बांयी ओर चलते हुए नाले के सहारे-सहारे नाले को सीमा मानते हुए कांचीपुरम, पार्श्वनाथ कालोनी, नवकार टावर को बांयी ओर शामिल करते हुए बीएसएल मिल तक, यहां से बांयी ओर मुडकर सर्किट हाउस रोड पर सीधा चलकर सक्योर ऑफिस को दांयी ओर छोडते हुए हाडा चौराहे तक, यहां से दांयी ओर मुडकर भण्डारी यातायात एजेन्सी तक, यहां से बांयी ओर मुडकर पुराना आर.टी.ओ. रोड पर सीधे चलकर लिलेण्ड चौराहे तक की बांयी ओर की समस्त कुलिया बस्ती शामिल है	5289
17	गंगापुर चौराया से पुर रोड पर चलते हुए कब्रिस्तान व न्यू क्लॉथ मार्केट को बांयी ओर शामिल करते हुए ओम टॉवर को दांयी ओर छोडते हुए यहां से बांयी ओर मुडकर चर्च रोड पर चलते हुए चर्च रोड को दांयी ओर छोडते हुए अग्रसेन मांगलिक भवन को बांयी ओर शामिल करते हुए डांगी फैक्ट्री को दांयी ओर छोडते हुए पार्श्वनाथ कार डेकोर तक, यहां से बांयी ओर मुडकर पुराना प्राईवेट बस स्टेण्ड को शामिल करते हुए एच.पी. पेट्राकल पम्प को दांयी ओर छोडते हुए रेल्वे पटरी के सहारे-सहारे चलकर गंगापुर चौराहा पर स्थित कब्रिस्तान तक की समस्त कुलियां बांयी बस्ती को शामिल है।	5500

18	कुम्भा सर्किल से पूर्व दिशा मे चलते हुए डांगी फैक्ट्री को शामिल करते हुए डांगी फैक्ट्री तक, यहां से बांयी ओर मुडकर चर्च को शामिल करते हुए कान्ति चन्द्र के मकान को दांयी ओर छोडते हुए ओम टॉवर तक, यहां से बांयी ओर मुडकर भादु सहकारी समिति को शामिल करते हुए आजाद नगर चौराहा तक, यहां से बांयी ओर मुडकर कुम्भा सर्किल तक की समस्त कुलियां बांयी बस्ती शामिल है।	5836
19	आजाद नगर चौराहे से (एस.के. प्लाजा) प्रारम्भ होकर पुर रोड पर चलते हुए बीमा हॉस्पिटल, प्रतापनगर स्कूल व शिक्षा विभाग कार्यालय तक, यहां से बांयी ओर आई.टी.आई. व प्रतापनगर स्कूल ग्राउण्ड के मध्य सडक पर चलते हुए महिला स्नानघर को शामिल करते हुए भंवर जी की डेयरी बूथ तक, यहां से बांयी ओर हनुमान मार्ग पर चलते हुए जमना लाल बैरवा के मकान तक, यहां से बांयी ओर चलते हुए आजाद नगर मुख्य सडक पर ताज इलेक्ट्रीक्लस तक, यहां से बांयी तरफ मुख्य सडक पर चलते हुए मुन्दडी वाले बालाजी को शामिल करते हुए आजाद नगर चौराहे से (एस.के. प्लाजा) तक समस्त कुलियां बायी बस्ती को शामिल है।	4446
20	रेल्वे अण्डरब्रिज (रामधाम) के रेल्वे पटरी से प्रारम्भ होकर उत्तर दिशा मे पटरी के सहारे-सहारे सीधे चलकर रेल्वे अण्डर ब्रिज (साबुन मार्ग) तक, यहां से पश्चिम दिशा मे चलकर मेन चितौड रोड पार करके कुम्भा सर्किल तक, यहां से सीधे-सीधे चलकर श्री नमुना श्याम डेयरी तक, यहां से बांयी ओर मुड़कर सीधे-सीधे चलकर अनुकम्पा बिल्डिंग की मेन रोड तक, यहां से दांयी ओर मुड़कर महर्षि गौतम आश्रम को शामिल करते हुये सीधे-सीधे चलकर आंचलिया वाटिका तक, यहां से रोड पार करके ट्राफिक पार्क की ओर चलकर ट्राफिक पार्क की बाउण्ड्री के सहारे-सहारे नहर तक, यहां से बायी ओर मुडकर नहर के सहारे-सहारे चलकर नीर की पुलिया (मोक्षधाम) तक, यहां से बांयी ओर मुडकर मोक्षधाम आजाद नगर को शामिल करते हुए महाप्रज्ञ सर्किल तक, यहां से पूर्व दिशा मे सीधे-सीधे चलकर माहेश्वरी पब्लिक स्कूल को शामिल करते हुए रेल्वे अण्डरब्रिज (रामधाम) के रेल्वे पटरी तक की समस्त कुलियां बांयी बस्ती शामिल है।	4757
21	रेल्वे अण्डर ब्रिज (रामधाम) के पटरी से प्रारम्भ होकर पश्चिम दिशा मे चितौड मेन रोड पार करके R Tech Mall को शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलकर नेत्र धाम दृष्टि विज्ञान संस्थान को शामिल करते हुए आचार्य महाप्रज सर्किल तक, यहां से पश्चिम दिशा सीधे-सीधे चलकर नहर की पुलिया (मोक्षधाम आजाद नगर) तक, यहां से बांयी ओर मुडकर नहर के सहारे-सहारे चलकर सहारे-सहारे चलकर M.D.Edu. स्कूल को शामिल करते हुए सिटी कॉनवेन्ट स्कूल को शामिल करते हुए नहर की पुलिया तक, यहां से पूर्व दिशा की ओर चलकर बांयी ओर मुडकर श्रीनाथ इण्डेन गैस एजेन्सी को शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलकर तिराहे तक, यहां से राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय को	4574

	शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलकर होटल अजन्ता को दांयी ओर छोडते हुए यहां से दांयी ओर मुड़कर ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए पेट्रोल पम्प को शामिल करते हुए चितौड रोड को पार कर रेल्वे लाईन तक, यहां से उत्तर दिशा मे रेल्वे लाईन के सहारे-सहारे रेल्वे अण्डर ब्रिज (रामधाम) तक की समस्त कुलियां बायी बस्ती शामिल है।	
22	मीरा सर्किल से पश्चिम दिशा मे मानसरोवर झील की तरफ सीधे चलकर डेयरी बूथ नं. 6294 एवं मानसरोवर झील को दायीं ओर छोड़ते हुए मानसरोवर झील के बायीं ओर गुजर रही सडक के सहारे-सहारे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तक, यहां से किश्नावतों की खेडी सामुदायिक सभागार को बांयी ओर शामिल कर चौराहे तक, यहां से बायीं ओर मुडकर राजस्थान हाउसिंग बोर्ड पटेल नगर विस्तार 2 आवासीय योजना को शामिल करते हुए शामिल करते हुए सीधे चलकर 132 ज़ट पावर ग्रिड स्टेशन रिको को बायीं ओर शामिल करते हुए चित्रगुप्त सर्किल तक, यहां से चित्रगुप्त सर्किल को बायीं ओर शामिल करते हुए दक्षिण दिशा मे रिको नाले की पुलिया पर बायीं ओर मुडकर नगर निगम की सीमा के सहारे-सहारे समस्त कुलियां बस्ती को बांयी ओर शामिल करते हुए चितौड रोड तक, यहां से उत्तर दिशा की तरफ मुडकर वैदान्त इन्टरनेशनल स्कूल वाले रोड पर बांयी तरफ मुडकर वैदान्त इन्टरनेशनल स्कूल को बांयी ओर शामिल करते हुए सीधे चलकर आशोका रिसोर्ट ओर श्रीराधे प्रोपाटी को बांयी शामिल करते हुए यहां से दांयी ओर मुडकर शक्ति नगर स्वागत द्वार से होते हुए रिंग रोड तक, यहां से रिंग रोड क्रॉस कर रिंग रोड वाले बालाजी को बायीं ओर शामिल करते हुए नहर के सहारे-सहारे चन्द्रशेखर आजाद नगर मेन रोड की पुलिया तक, यहां से नहर के सहारे-सहारे पश्चिम दिशा मे नहर को शामिल करते हुए सीधा चलकर नहर के सहारे-सहारे मुख्य मार्ग नहर की पुलिया पर डेयरी बूथ नं. 6949 तक, यहां से बायीं ओर मुडकर मीरा सर्किल तक समस्त बांयी ओर की कुलियां बस्ती शामिल है।	4990
23	मुख्य चित्तौड़ रोड ट्रांसपोर्ट नगर के चौराहे से पश्चिम दिशा मे चलकर मॉडर्न मील को बायीं ओर शामिल करते हुए होटल अजंता तक, यहां से बायीं ओर मुडकर सीधे चलकर चंद्रशेखर आजाद नगर रोड पर स्थित चौथमाता मंदिर को दांयी ओर छोडकर CHC चौराहे तक, यहां से बांयी ओर मुडकर चंद्रशेखर आजाद नगर मुख्य रोड नहर की पुलिया तक, यहां से नहर को दांयी ओर छोडकर नहर के सहारे-सहारे सीधे चलकर चन्द्रशेखर आजाद नगर सेक्टर नं. 04 व 05 को शामिल करते हुए रिंगरोड तक, यहां से रिंगरोड क्रॉस करते हुए शक्ति नगर स्वागत द्वार से भगवती प्लाईवुड को बायीं ओर शामिल करते हुए सीधे चलकर श्रीराधे प्रोपर्टीज को दांयी ओर छोडकर सामने से बायीं ओर मुड़ते हुए सुखाड़िया स्टेडियम के पास से आ रहे रोड से दायीं ओर घूमते हुए वेदांत इंटरनेशनल स्कूल से आ रहे रास्ते तक, यहां से दायीं ओर घूमते हुए वेदांत	5590

	इंटरनेशनल स्कूल को दांयी ओर छोडकर चित्तौड़ रोड तक, यहां से चितौड रोड के बायीं ओर घूमते हुए मुख्य चित्तौड़ रोड पर सीधे चलकर सुखाड़िया स्टेडियम को बायीं ओर शामिल करते हुए सीधे चलकर चंद्रशेखर आजाद नगर मुख्य स्वागत द्वार के बायीं ओर शामिल कर मॉडर्न मील को बायीं ओर शामिल करते हुए ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे तक समस्त बांयी ओर की कुलियां बस्ती शामिल है।	
24	रामधाम अण्डर ब्रिज से प्रारम्भ होकर दक्षिण दिशा मे चलकर एफ.सी.आई गोदाम चौराहे तक, यहां से बांयी ओर मुडकर एफ.सी.आई गोदाम के पास स्थित नाले तक, यहां से बांयी ओर मुडकर उत्तर दिशा मे नाले के सहारे-सहारे चलकर नगर निगम आश्रय स्थल के पास स्थित वामिल्कि सर्किल तक, यहां से बायी ओर मुडकर संकट मोचन हनुमान मन्दिर, काशीपुरी डिस्पेन्सरी को दांयी ओर छोडते हुए रामधाम अण्डर ब्रिज तक समस्त बांयी ओर की कुलियां बस्ती शामिल हैं।	5233
25	सुपार्श्वनाथ सर्किल से प्रारम्भ होकर उत्तर दिशा मे चलकर नगर निगम के वाचनालय का शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलकर दांयी ओर बालाजी मन्दिर को छोडते हुए लवली ऑप्टिकल तक, यहां से बांयी ओर मुडकर सीधे-सीधे चलकर एडवोकेट आशीष शर्मा के मकान तक, मकान के सहारे बांयी ओर मुडकर पार्क की दीवार के सहारे-सहारे चलकर भगवती किराणा स्टोर तक, यहां से बांयी ओर मुडकर सीधे-सीधे चलकर कृष्णा ब्यूटी पार्लर् के मकान तक, मकान के सहारे दांयी ओर मुडकर सीधे-सीधे चलकर गायत्री किराणा स्टोर तक, यहां से बांयी ओर मुडकर दांयी ओर मदनी मस्जिद, राजकीय विद्यालय को छोडते हुए सीधे-सीधे भैरव मार्ग पर चलकर दांयी ओर श्रीमती सीता बाई के मकान छोडते हुए भैरव मन्दिर तक, यहां से बांयी ओर मुडकर BSNL TOWER परिसर तक, यहां से बांयी ओर मुडकर सुपार्श्वनाथ सर्किल तक की समस्त बांयी ओर की कुलियां बस्ती शामिल है।	5061
26	मोक्षधाम के कोने से प्रारम्भ होकर एस डी ए स्कूल को बाएँ शामिल करते हुए, दादीधाम को शामिल करते हुए रिंग रोड सर्कल तक। सर्कल से दाँये मुडकर ओम वाटिका को बाएँ शामिल करते हुए फ्लाई ओवर को दाँये छोड़ते हुए सहारे-सहारे चलते हुए समेलिया फाटक को दाँये छोड़ते हुए परिषद सीमा होते हुए नहर के सहारे- सहारे गोकुल विहार को दाँये छोड़ते हुए राधेनगर को बाएँ सम्मिलित करते हुए यहा से नहर को क्रोस कर नहर के सहारे सहारे संच्चिदास माता मंदिर तक। यहा से दाँये घुमकर तेजसिंह सर्कल तक। यहा से बाएँ घुमकर एल.2सी.-एन.पी.ए. को शामिल करते पंचवटी चौराहा तक। यहा से दाँये घुमकर सोनी हॉस्पिटल को छोडते हुए मोक्षधाम के कोने तक समस्त बांयी ओर की कुलियां बस्ती शामिल है।	5375
27	नगर निगम आश्रय स्थल के पास स्थित वाल्मिकी सर्किल प्रारम्भ होकर दक्षिण दिशा मे नाले के सहारे-सहारे चलकर एफ.सी.आई. गोदाम पुलिया तक,	5157

	यहां से दांयी ओर मुडकर सीधे-सीधे चलकर रेल्वे लाईन तक, यहां से बांयी ओर मुडकर रेल्वे लाईन के सहारे-सहारे रेल्वे ऑवरब्रिज तक, यहां से बांयी ओर मुडकर सीधे-सीधे चलकर दादीधाम सर्किल तक, यहां से बांयी ओर मुडकर सीधे-सीधे चलकर BSNL TOWER परिसर तक, परिसर के सहारे बांयी ओर मुडकर श्री राजकुमार घावरी के मकान को शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलकर दांयी ओर गली नं. 12 भैरव मार्ग पर मुडकर सीधे-सीधे चलकर श्रीमती सीता बाई के मकान को शामिल करते हुए मदनी मस्जिद के चौक तक, यहां से गायत्री किराणा स्टोर के सहारे दांयी ओर मुडकर सीधा-सीधा चलकर गली 07 कृष्णा ब्यूटी पार्लर के मकान तक, मकान के सहारे बांयी ओर मुडकर भगवती किराणा स्टोर तक, भगवती किराणा स्टोर के सहारे दांयी ओर मुडकर पार्क की बाउण्ड्री के सहारे-सहारे एडवोकेट आशीष कुमार शर्मा के मकान तक, यहां से दांयी ओर मुडकर सीधा-सीधा चलकर लवली ऑप्टिकल तक, यहां से बायी ओर मुडकर सीधे-सीधे चलकर नगर निगम आश्रय स्थल के पास स्थित वाल्मिकी सर्किल तक की समस्त बांयी की कुलियां बस्ती शामिल है।	
28	सूर्य महल के सामने कैलाश टावर नन्दनी मेडिकल से पश्चिम की तरफ सड़क-सड़क चलते हुए शास्त्री नगर चौराहा पर भीलवाड़ा अरबन कोपरेटिव बैंक तक यहा से रोड क्रॉस कर पश्चिम से इण्डियन बैंक को शामिल करते हुए आन्ध्रा बैंक को शामिल करते हुए वन विभाग के कोने तक। यहा से दक्षिण में अरिहन्त हॉस्पिटल कम्यूनिटी हाल होते हुए यहा से पूर्व की ओर इनकम टेक्स आफिस को शामिल करते हुए पूर्व दिशा में ही कावाखेड़ा चौराहा होते हुए गायत्री किराणा स्टोर के सामने होते हुए शिवजी मन्दिर को शामिल करते हुए सिद्देश्वर बालाजी मन्दिर तक यहा से उत्तर दिशा में न्यू हाउसिंग बोर्ड पश्चिम होते हुए ब्राहणी स्वीट के सामने होते हुए कँवर कौर न्यू दुकान तक यहा से उत्तर के ही बाबा रामदेव मन्दिर, माहेश्वरी भवन को शामिल करते हुए काफी हाउस कैलाश टावर तक सूर्य महल के सामने तक की समस्त कुलियां बांयी बस्ती शामिल है।	4853
29	अरिहन्त हॉस्पिटल के सामने श्री संकट मोचन हनुमान मन्दिर से प्रारम्भ होकर सरस्वती सर्किल की ओर सीधे-सीधे चलकर एन.सी.सी. ऑफिस को शामिल करते हुए सरस्वती सर्किल तक, सर्किल से दांयी ओर मुडकर शिवजी के मन्दिर तक, यहां से बांये ओर मुडकर निगम आवासो को शामिल करते हुए अणुव्रत सर्किल तक, यहां से दांयी ओर मुड़कर सीधे-सीधे चलकर निगम के सर्किल कार्यालय को शामिल करते हुए महाराणा टॉकिज जाने वाली रोड की बांयी ओर मुड़कर होम्योपेथिक हॉस्पिटल, आयुर्वेदिक हॉस्पिटल को शामिल करते हुए भीमगंज थाना (नया भवन) तक, यहां से बांयी ओर मुड़कर दिलबहार की दुकान को शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलते हुए महात्मा गांधी सर्किल तक, यहां से सुभाष मार्केट होते हुए गोल प्याउ चौराहे तक, यहां से रेल्वे स्टेशन रोड पर सीधे-सीधे चलकर स्वीट्स कॉर्नर तक, यहां से बांये ओर मुडकर सीधे-सीधे	5203

	चलकर कान्हा जी दाल बाटी तक, यहां से रोड पार करके रेल्वे फाटक तक, रेल्वे फाटक से पटरी के सहारे-सहारे चलते हुए रामधाम अण्डर ब्रिज तक, यहां से पूर्व दिशा मे नाले के सहारे-सहारे काशीपुरी सामुदायिक भवन को शामिल करते हुए परिवर्तन ऑटो रिपेयर्स को दांयी ओर छोडते हुए सीधे-सीधे चलकर श्री संकट मोचन बालाजी मन्दिर तक की समस्त कुलियां बायी बस्ती शामिल है।	
30	रेल्वे स्टेशन अम्बेडकर सर्किल (छोटा) से प्रारम्भ होकर गोल प्याउ चौराहा की ओर सीधे-सीधे चलकर काबरा जी की दुकान की शामिल करते हुए गोल प्याउ चौराहा तक, यहां से सुभाष मार्केट होते हुए पी.सी. ज्वैलर्स को शामिल करते हुए महात्मा गांधी मुख्य द्वार के सामने महात्मा गांधी सर्किल तक, सर्किल से पश्चिम दिशा मे सीधे-सीधे चलकर नारायण फैन्सी स्टोर को शामिल कर पूर्व दिशा मे सेवा सदन की गली मे मुड़कर सीधे-सीधे चलकर गर्ग सोनोग्राफी सेन्टर को शामिल करते हुए बांयी ओर मुड़कर सीताराम जी की बावडी को शामिल करते हुए वीर सावरकर चौक के सर्किल तक, यहां से दक्षिण दिशा मे चलकर योगेश कला निधि को शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलकर प्रताप टॉकिज सरस डेयरी को शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलकर दांयी ओर मुड़कर गणपति साडिज, अर्पित ज्वैलरी को शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलकर झूलेलाल सर्किल तक, सर्किल से बांयी ओर मुड़कर रेल्वे स्टेशन अम्बेडकर (छोटा) सर्किल तक, समस्त कुलियां बायी बस्ती को शामिल करते हुए।	4950
31	अजमेर चौराहे से दक्षिण दिशा की ओर खडेश्वर जी महाराज, गंगापुर चौराहा होते हुए रेलवे फाटक पर स्थित भारत पेट्रोल पम्प तक यहां से उत्तर दिशा की ओर बैंक आफ बडौदा का ATM जोधपुर मिष्ठान भण्डार, हिन्दुस्तान स्पोर्टस, को शामिल करते हुए रेलवे स्टेशन चौराहा पर कौने पर श्रीराम भोजनालय तक। यहां से सडक क्रोस कर उत्तर दिशा में ही चाचा फूल वाला को शामिल करते हुए झुलेलाल चौराहा तक। यहां से पूर्व दिशा में गोकुल प्लाजा, होटल हवेली, अप्सरा कॉम्प्लेक्स को शामिल करते हुए डी.डी. वन साडी के सामने से उत्तर दिशा की ओर चलते हुए प्रताप टॉकिज होते हुए सरस डेयरी बुथ के सामने राजस्थान ग्लास हाउस दुकान को शामिल करते हुए कॉर्नर पर विवेक कलेक्शन तक, यहां से पश्चिम दिशा में कैलाश नमकीन दुकान को शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलकर स्टूडेन्ट पान हाउस तक, यहां से रोड क्रॉस कर आर.आर. सेल्स से उत्तर दिशा में हनी साइबर केफे को शामिल करते हुए अजमेरा फर्नीचर के सामने होते हुए कॉर्नर पर ए-वन सेल्स के सामने गणेश मन्दिर तक, यहां से पश्चिम दिशा में खुशबु एजेन्सी को शामिल करते हुए सब्जी मण्डी मेन रोड को पार करके SBI ATM को शामिल करते हुए, श्री चारभुजा कम्प्यूटर ई-मित्र तक, यहां से दांयी ओर मुडकर SP साहब के बंगले के कोने तक, यहां से बांयी ओर मुडकर जिला कलेक्ट्रेट तक, यहां से जिला कारागृह को शामिल करते हुए कॉर्नर पर सिचाई विभाग ऑफिस तक, यहां से	5809

	पश्चिम की तरफ कृषि विभाग को शामिल करते हुए अजमेर चौराहा तक की समस्त कुलिया बांयी बस्ती शामिल है।	
32	नेहरू रोड पर परशुराम चौराहे से प्रारम्भ होकर उत्तर दिशा में सत्यम कॉम्प्लेक्स की ओर चलकर कृषि उपज मण्डी के दांयी ओर मुडकर दारू गोदाम को शामिल कर कृषि मण्डी की बाउण्डरी के सहारे-सहारे चलते हुए तिराहा तक, यहा से पी.ई.प्रोविजन स्टोर की गली में मांगीलाल जी जोशी के मकान तक, यहा से बांयी ओर मुडकर तिकोना पार्क तक, यहा से गायत्री आश्रम मेन रोड तक यहा से उत्तर दिशा की ओर नगर विकास न्यास के कोने तक, यहा से अजमेर मेन रोड क्रोस करके पश्चिम दिशा में रेलवे पटरी तक यँहा से दक्षिण दिशा में पटरी के सहारे सहारे चलते हुये अजमेर चौराहा तक, यहा से परशुराम चौराहा तक की कुलिया बांयी बस्ती सम्मिलित है।	5670
33	गणेश मन्दिर बस स्टैण्ड से उत्तर दिशा में लव गार्डन (नेहरू गार्डन) के कौन तक, नेहरू गार्डन के सहारे चलते हुए, राजीव गांधी उद्यान के कौने तक, गार्डन के कौने हफीज मौ0 के मकान को सामिल करते हुये, दक्षिण दिशा में पुराने मजदूर चौराहा (राजीव गांधी चौराहा) से पश्चिम दिशा में आर.के.कॉलोनी सामुदायिक भवन एवं तिकोना पार्क 60 फीट रोड़ का शामिल कर तिकोना पार्क से मांगीलाल जी जोशी के मकान की गली में दाई ओर मुडकर पी.के.प्रोविजन स्टोर तक यहा से कृषि मण्डी के बाउण्डरी के सहारे-सहारे चलते हुए दांयी हाथ में दारू गोदाम को छोड़ते हुए बांयी और मुडकर परशुराम चौराहा तक यहा से पूर्व में गणेश मन्दिर तक की समस्त कुलिया बांयी बस्ती सम्मिलित है।	5737
34	परशुराम सर्किल से प्रारम्भ कर RSEB ऑफिस, मुखर्जी गार्डन को शामिल करते हुए एवं कलेक्टेट आफिस को दांयी ओर छोडते हुए मुखर्जी गार्डन के कोने से बांयी ओर मुडकर SP साहब के बगले को छोडते हुए चन्द्र पान एण्ड कोल्ड ड्रिंक को बांयी ओर शामिल करते हुए यहां से दांयी ओर मुडकर चौधरी काफी हाउस तक, यहां से बांयी ओर मुडकर विजयवर्गीय नमकीन को शामिल कर एवं रोड क्रॉस कर कमल एन्टरप्राईजेज को दांयी ओर छोडते हुए गणेश मन्दिर के कोने तक, यहां से दांयी ओर मुडकर A.One सेल्स को शामिल करते RR सेल्स को दांयी ओर छोड़ते हुए तोतला भवन के कोने तक, यहां से बांयी मुडकर कैलाश नमकीन को दांयी ओर छोडते हुए सावन साईबर कैफे के कोने तक, यहां से बांयी ओर मुडकर गुर्जर एग्रो हनुमान मन्दिर को शामिल करते हुए जैन सोरभ अशोक एण्ड एसोसियेट के कोने तक, यहां से दांयी ओर मुडकर हरि सेवा धाम धर्मशाला को बांयी और शामिल करते हुए सीधे चलकर बायेती रिजॉर्ट को बांयी और शामिल करते हुए यहां से ट्रांसफार्मर तक, यहां से बांयी मुड़कर HRJ कोम्प्लेक्स को बांयी और शामिल करते हुए नेहरू रोड तक, यहां से बांयी मुड़कर रोडवेज बस स्टेण्ड चौराहे तक, यहां से सीधा चलकर परशुराम सर्किल तक, समस्त कुलियां बायी बस्ती को शामिल करते हुए।	4916
35	श्री गेस्ट हाउस के दक्षिणी पूर्वी कोने से प्रारम्भ होकर उत्तर दिशा मे चलकर	5640

	डा. एल.पी. गुप्ता के मकान को बॉये ओर शामिल करते हुए बांये मुड़कर देवी लाल ओझा कम्पाउण्डर के मकान को शामिल करते हुए सीधे चलकर दांयी ओर मुड़कर प्रभु लाल टांक के मकान को शामिल करते हुए सीधे-सीधे चलकर नाकोडा मेचिंग सेन्टर को शामिल करते हुए महादेव सर्किल तक, यहां से दांयी ओर मुड़कर श्री केदार झंवर के मकान को शामिल करते हुए चारभुजा जनरल स्टोर के बांये मुडकर ज्योतिबा फुले स्कूल से दांयी मुडकर कोटडी श्याम किराणा स्टोर तक, यहां से बांयी मुडकर राधेश्याम शर्मा के मकान से बांयी मुडकर सोहन माली के मकान से दांयी मुडकर मदन सुवालका के मकान से बांयी मुडकर जाजू वाटिका से दांयी मुडकर डांगी डिपार्टमेन्टल स्टोर तक, यहां से बांयी मुडकर श्री देवनारायण किराणा स्टोर से बांयी मुडकर रघु बापू के खेत को बांयी ओर शामिल करते हुए रघु बापू के खेत के सहारे-सहारे चलकर कृष्णा हॉस्पिटल को शामिल करते हुए शामिल प्राईवेट बस स्टेण्ड आई.एम.ए. सर्किल तक, यहां से बांये मुड़कर रोडवेज बस स्टेण्ड तक, यहां बाये मुड़कर बांये स्थित वर्धमान स्कूल को शामिल करते श्री गेस्ट हाउस के दक्षिणी पूर्वी कोने तक की समस्त बांयी ओर की कुलियां बस्ती शामिल है।	
36	नेहरू रोड स्थित ए-वन मेडिकल से प्रारम्भ कर उत्तर दिशा मे चलते हुए बांयी ओर खेडाखूट माताजी मन्दिर को शामिल करते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले स्कूल के बांयी ओर मुडकर दीपक प्रोविजनल स्टोर तक, दीपक प्रोविजनल स्टोर के सामने गली में चलते हुए महादेव सर्किल तक, यहां से बांयी मुडकर सीधा चलते हुए विष्णु नमकीन भण्डार को दांयी ओर छोडते हुए शिव शक्ति नल फिटिंग तक, यहां से बांयी मुडकर पॉल नं. 22 तक, यहां से दांयी ओर मुडकर दांयी ओर स्थित डॉ. एल. पी. गुप्ता के मकान को छोड़ते हुए श्री गेस्ट हाउस के दक्षिणी-पूर्वी कोने तक, यहां से बांयी मुडकर नेहरू रोड स्थित ए-वन मेडिकल स्टोर तक की समस्त बांयी ओर की कुलियां बस्ती शामिल है।	5523
